पत्रांक 1/455/नीलामी कैफेटेरिया/नालन्दा/20–21
भारत सरकार
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण
पटना मंडल, जे0 सी0 रोड

पटना, दिनांक

**निविदा–सह–नीलामी सूचना**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा उप मंडल, नालन्दा के अन्तर्गत संरक्षित उत्खनित स्थल नालन्दा में कैफेटेरिया संचालन हेतु उक्त स्मारक क्षेत्र में बनें कैफेटेरिया स्थल **(क्षेत्रफल लम्बाई 12.00 फीट तथा चौड़ाई 13.00 फीट = 156.00 वर्ग फीट)** की नीलामी हेतु **दिनांक 01.08.2025 से दिनांक 31.07.2026 तक (एक साल)** के लिए नीलामी हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदाकार को निम्नलिखित क्रेडेंशियल्स देना अनिवार्य है:–

1. Registered Company/Partnership or Proprietor ship firm/ Registered Society/ Individual से संबंधित कागजात।
2. पैन कार्ड की छायाप्रति।
3. आवासीय पता का प्रमाण पत्र (यथा राशन कार्ड/ चुनाव आयोग का पहचान पत्र/ विद्युत विपत्र/ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट की छायाप्रति);
4. GST Certificate की छायाप्रति;
5. Income tax Return (2 Years);

**नोट :–** 1. **निविदा सह नीलामी कैफेटेरिया स्थल** नालंदा **का एक वर्षो यानि दिनांक 01.08.2025 से दिनांक 31.07.2026 तक के लिए आधार मूल्य (Base price) रू. 1,51,000.00 लाख (एक लाख एकावन हजार रूपये मात्र)**

2. **निविदा के दर में किसी भी तरह का Cutting या Overwriting होने पर निविदा अमान्य होगा।**

इच्छुक व्यक्ति इस बावद् निविदा प्रपत्र नियम व शर्त सहित **रूपये 500/– मात्र** का भुगतान कर (जो लौटायी नहीं जाएगी) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उप मंडल कार्यालय, नालन्दा से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **11.07.2025 से 17.07.2025** तक प्राप्त कर सकते हैं इसके अलावा इस कार्यालय के वेबसाइट **www.asipatnacircle.gov.in** द्वारा भी निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। वेबसाइट से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की स्थिति में **रूपये 500/– मात्र** का डिमान्ड ड्राफ्ट (निविदा राशि) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना, जिसका भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। सभी निविदा प्रपत्र दिनांक **18.07.2025 को 12.30 बजे अपराह्न तक** अधीक्षण पुरातत्वविद् का कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना में अच्छी तरह भरकर जमा करना होगा। उसी दिन **01.00** बजे **अपराह्न** में उक्त कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा खोली जाएगी और बोली लगायी जाएगी।

प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ **10000/– रूपये (दस हजार रूपये) मात्र** का डिमान्ड ड्राफ्ट (अर्नेस्ट मनी के रूप में) अधीक्षण पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना मंडल, पटना, जिसका भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक पटना के नाम देय हो, जमा करना होगा। बिना अर्नेस्ट मनी के निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा–सह–नीलामी में उच्चतम राशि बोलने वाले सफल व्यक्ति को बोली जाने वाली राशि का कम से कम **50 प्रतिशत तत्काल तथा** शेष राशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करना होगा। समयावधि में भुगतान जमा नहीं करने पर उनकी निविदा रद्द कर दी जाएगी एवं अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जाएगी। निविदा प्रपत्र के साथ 10000/– रूपये (दस हजार रूपये) मात्र, जो अर्नेस्ट मनी की राशि है, सफल निविदा प्राप्त कर्ता को निविदा की अवधि **31.07.2026** के बाद उप अंचल प्रभारी द्वारा निर्गत **No Damage Certificate** प्राप्त होने के उपरान्त लौटायी जाएगी। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.asipatnacircle.gov.in** पर प्राप्त कर सकते हैं।

अधीक्षण पुरातत्वविद् को किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है।

9.7.2025
अधीक्षण पुरातत्वविद्